# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 56वीं बैठक की कार्यवृत्त।

दिनांक 26.05.2020

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
0522 2307592, 2307542 4004523 फैक्सः 0522 4013560

**उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की 56वीं बैठक जो दिनांक 26.05.2020 को परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रावली परिचालन के माध्यम से यूपीडा निदेशक मण्डल के निम्न सदस्यों को एजेण्डा बिन्दु सम्मुख स्थापित विवरण के साथ प्रेषित किये गये :–

1. श्री अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –अध्यक्ष
2. श्री नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन –सदस्य
3. श्री विश्वजीत राय, कार्यवाहक अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –सदस्य/सचिव
4. श्री अनिल कुमार, संयुक्त सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0 शासन –सदस्य<br>(प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास)
5. श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा, अपर निदेशक कोषागार, वित्त विभाग उ0प्र0 शासन, –सदस्य<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग)
6. श्री अनिल तिवारी, सहायक निदेशक, आवास बन्धु –सदस्य<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन)
7. श्री एन0के0 आदर्श, अधिशासी अभियन्ता (सिविल), –सदस्य<br>उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0 कानपुर।<br>(प्रतिनिधि प्रबन्ध निदेशक)

एजेण्डा बिन्दु–01:–

**उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की 55वीं बैठक जो दिनांक 28.04.2020 को परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई, के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु निदेशक मण्डल से अनुरोध किया गया:–**

कार्यवाही/निर्णय:–

निदेशक मण्डल द्वारा 55वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत होते हुए परिचालन के माध्यम से कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु–02:–

**उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की 55वीं बैठक जो दिनांक 28.04.2020 को परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई, में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या परिचालन के माध्यम से बिन्दुवार निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया:–**

कार्यवाही/निर्णय:–

निदेशक मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की 56वीं बैठक जो दिनांक 28.04.2020 को परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई, बैठक में लिए गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, अनुपालन से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–03(**i**):–

**अवगत कराना है कि मा0 उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार डिजाइन स्टेज पर ही एक्सप्रेसवे परियोजना का सेफ्टी आडिट कराया जाना चाहिये। यूपीडा के तकनीकी प्रभाग द्वारा 'गंगा एक्सप्रेसवे' परियोजना के डिजाइन स्टेज पर सेफ्टी आडिट हेतु कन्सलटेन्सी फर्म के चयन हेतु ड्राफ्ट 'टमर्स आफ रेफरेन्स' (टी0ओ0आर0) उपलब्ध कराया गया है। उपरोक्त ड्राफ्ट टर्म्स आफ रेफरेन्स' (टी0ओ0आर0) को यूपीडा के निदेशक मण्डल के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ निम्नवत् प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।**

कार्यवाही/निर्णय

उपरोक्त तथ्यात्मक विवरण से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही से संस्तुष्टि व्यक्त करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–04(**ii**):–

**उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त कार्यालय ज्ञाप सं0 329/77–3–20–158(एम)/2018 लखनऊ दिनांक 19 मार्च, 2020 में उल्लिखित डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए चिन्हित उक्त छः नोड को विकसित किये जाने तथा इन 06 नोड्स को उनसे सम्बन्धित जनपदों को सम्पूर्ण भौगोलिक क्षेत्रफल को डिफेन्स कॉरिडोर में समाहित करने का अनुमोदन।**

कार्यवाही/निर्णय

उपरोक्त तथ्यात्मक विवरण से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही से संस्तुष्टि व्यक्त करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–05(iii):– **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज–02 में भूमि कम उपलब्ध होने के फलस्वरूप, निर्माण एजेन्सी दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (डी0बी0एल0) के साथ अनुपूरक अनुबंध के सम्बन्ध में।**

कार्यवाही / निर्णय

उपरोक्त तथ्यात्मक विवरण से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही से संस्तुष्टि व्यक्त करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–06(iv):– **AMMENDMENTS IN CLAUSE 6 (i) OF GUIDELINE/PROCEDURE FOR ALLOTMENT OF INDUSTRIAL PLOTS/LAND IN DEFNECE CORRIDOR (UPEIDA)**

कार्यवाही / निर्णय

उपरोक्त तथ्यात्मक विवरण से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही से संस्तुष्टि व्यक्त करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–07(v):– **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (पैकेज सं0 01 से 08) के अनुबन्धों में शेड्यूल–एच (कान्ट्रैक्ट प्राइस वेटिस) का पुनरीक्षण।**

कार्यवाही / निर्णय

उपरोक्त तथ्यात्मक विवरण से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा कृत कार्यवाही से संस्तुष्टि व्यक्त करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

उपरोक्त निम्नलिखित 05 एजेण्डा बिन्दुओं को निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों से पत्रावली परिचालन द्वारा अनुमोदित करा लिया गया है।

---

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 26.05.2020 को सम्पन्न हुई 56वीं बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अध्यक्ष निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 26.05.2020 को अनुमोदित किये गये हैं।

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी